# रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

क्रमांक / परीक्षा / 2020 / 692 जबलपुर दिनांक 08 / 07 / 2020

<u>संशोधित अधिसूचना</u>

अधिसूचित किया जाता है कि स्वाध्यायी परीक्षार्थियों के स्नातक (बी.ए./बी.काम.) तृतीय वर्ष तथा (एम.ए./एम.एस.सी. (गणित)/ एम.काम. उत्तरार्द्ध मई–जून 2020 की परीक्षाओं हेतु परीक्षा आवेदन पत्र एम.पी. आनलाइन के माध्यम से भराये जाने की तिथियां एवं शुल्क का विवरण निम्नानुसार घोषित किया जाता है। नामांकन कराने के पश्चात ही परीक्षा आवेदन पत्र भरे जा सकेंगें।

तिथियां
नामांकन शुल्क 330 / –
ईमीग्रेशन शुल्क (म.प्र. से बाहर के बोर्ड एवं विश्वविद्यालय के परीक्षार्थियों को देय होगा) 330 / –
आनलाइन परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की तिथि–10.06.2020 से 20.07.2020 तक (बिना विलंब शुल्क के)
विलंब शुल्क 100 / – के साथ 25.07.2020 तक
विलंब शुल्क 750 / – के साथ 30.07.2020 तक
विलंब शुल्क 2000 / – रू. के साथ परीक्षा प्रारंभ होने के तीन दिवस पूर्व तक
परीक्षा शुल्क का विवरणः–

| | |
|---|---|
| बी.ए. / बी.काम. तृतीय वर्ष (उपाधि शुल्क के साथ) | 2990 / – |
| बी.ए. / बी.काम. तृतीय वर्ष (पूरक) | 1530 / – |
| एम.ए. उत्तरार्द्ध (उपाधि शुल्क के साथ) | 3190 / – |
| एम.काम. / एम.एस.सी. (गणित) उत्तरार्द्ध (उपाधि शुल्क के साथ) | 3340 / – |

(एम.ए.हिन्दी / अंग्रेजी / भूगोल / संस्कृत / राजनीतिशास्त्र / इतिहास / दर्शनशास्त्र / अर्थशास्त्र / समाजशास्त्र / मनोविज्ञान)
*टिप्पणीः–1. स्नातकोत्तर छात्र जो इस विश्वविद्यालय के पूर्व से स्नातक परीक्षा में नामांकित/पंजीकृत है वे भी अपना नामांकन एम.पी. आनलाइन के कियोस्क में जाकर करावें, तत्पश्चात ही वे अपना परीक्षा आवेदन पत्र भर सकेंगे। ऐसे छात्रों को पंजीयन/नामांकन शुल्क देय नहीं होगा, सिर्फ पोर्टल चार्ज 45/– देय होगा।*

नोटः– विश्वविद्यालय में परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा करने पर रूपये 100 / – प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा ।

**(1)** इस प्रकिया के अंर्तगत छात्र एम.पी. आनलाइन के पोर्टल पर सर्वप्रथम सेवायें आप्शन पर जाकर फिर प्रायवेट एनरोलमेंट (नामांकन लिंक) पर जाकर एनरोल्ड करेगा, जिससे एप्लीकेशन नंबर जनरेट होगी। छात्र नामांकन फार्म भरते समय पहले जिले, केन्द्र व कोर्स का चयन करेगा। छात्र कोर्स एवं केन्द्र का चयन करते समय सावधानी बरतें।

(2) छात्र एप्लीकेशन नंबर से प्राइवेट एक्जाम लिंक पर जाकर परीक्षा फार्म भरेगा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शुल्क जमा करेगा। नामांकन व परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी छात्र द्वारा संबंधित महाविद्यालय पर जमा की जायेगी।

**(3)** तत्पश्चात महाविद्यालय द्वारा छात्रों के पंजीयन आवेदन पत्र का परीक्षण करेगा एवं एप्रूवल **Approvel** करेगा जिसके पश्चात् **Admit card** एवं **Second Signature Sheet** जनरेट होगी। **Online** आवेदन की हार्डकापी अंकसूची के साथ विश्वविद्यालय में दिनांक **04/08/ 2020** तक विश्वविद्यालय में जमा करें। परीक्षा आवेदन की हार्ड कापी के साथ निम्नलिखित दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य हैः– परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी निर्धारित तिथि के पश्चात् जमा करने पर रूपये 100 / – प्रति छात्र विलंब शुल्क देय होगा ।

1. जन्मतिथि प्रमाणपत्र 2. अंकसूची 3. माइग्रेशन / टी.सी. सर्टिफिकेट 4 गैप सर्टिफिकेट

(4) महाविद्यालय स्वाध्यायी छात्र / छात्राओं से नामांकन एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी प्राप्त करते समय छात्र / छात्राओं से परीक्षा संचालन शुल्क 200 / –रूपये एवं अग्रेषण शुल्क 50 / – रूपये कुल 250 / –

रूपये महाविद्यालय स्तर पर दिनांक 06 अगस्त 2020 तक जमा करवायेगा। तथा परीक्षा संचालन शुल्क 200/–रू. निर्धारित परीक्षा केन्द्र में अनिवार्य रूप से जमा करायेंगे ।

टीपः– बिंदु कमांक 2,3 एवं 4 का अग्रेषणकर्ता महाविद्यालय यदि पालन नहीं करता तो उक्त महाविद्यालय की परीक्षा आवेदन पत्र की हार्ड कापी विश्वविद्यालय में जमा नहीं कराई जावेगी।

नोट – विश्वविद्यालयीन परीक्षाओं एवं अध्यापन कार्य में कोरोना कोविंड –19 संक्रमण महामारी को दृष्टिगत् रखते हुए म.प्र. शासन द्वारा जारी गाईड लाईन के अनुसार संबंधित महाविद्यालय पालन करना अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें ।

कुलपति जी के आदेशानुसार

परीक्षा नियंत्रक
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर

पृ.क./परीक्षा/2020/ 692 "अ" जबलपुर, दिनांक 08/07/2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुतः–

01. प्राचार्य समस्त संबद्ध स्वाध्यायी परीक्षा संचालन हेतु अधिकृत महाविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि विश्वविद्यालय द्वारा प्रदाय समस्त सूचनाएं छात्रों के सूचनार्थ महाविद्यालय के सूचना पटल पर आवश्यक रूप से चस्पा करें।
02. नोडल अधिकारी एम.पी.आनलाइन रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना की एम.पी. आनलाईन को अग्रेषित करे एवं परीक्षा फार्म भरवाने की तैयारी करें।
03. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक रा.दु.वि.वि. जबलपुर।
04. विश्वविद्यालय बेबवाइड ।
05. नगर के समस्त समाचार पत्रों के सम्मानीय संपादकों एवं केबिल नेटवर्क के प्रबंधकों को इस अनुरोध के साथ कि कृपया छात्र हित में इस अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र/प्रसार माध्यम के आगामी अंक में समाचार के रूप में प्रकाशित करने की कृपा करें।

प्रभारी सहायक कुलसचिव (परीक्षा)
रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर